Bharat Temples

गजानन राखो लाज हमारी,
पिता तुम्हारे महादेव है,
और पारवती महतारी,
गजानन राखो लाज हमारी।।

सबसे पहले तुम्हे बुलाए,
आओ गजानन आओ,
विघ्न विनाशक प्रथम पूज्य तुम,
बाधा विघ्न मिटाओ,
आज वंदना करते है हम,
हे जग के उपकारी,
गजानन राखों लाज हमारी।।

मंगल दीप जलाकर तुमको,
मोदक भोग लगाए,
और आरती करे तुम्हारी,
कंचल थाल सजाए,
रिद्धि सिद्धियां चवर ढुरावे,
और पूजा करे तुम्हारी,
गजानन राखों लाज हमारी।।

गजानन राखो लाज हमारी,
पिता तुम्हारे महादेव है,
और पारवती महतारी,

गजानन राखो लाज हमारी।।

स्वर श्री गौरव कृष्ण जी गोस्वामी।
प्रेषक शिवकुमार शर्मा
9926347650

Source: https://www.bharattemples.com/gajanan-rakho-laaj-hamari/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw